Headline: SME Funding: role of capital markets	
Source: Various newspapers	**Date:** 25 September 2018

Dainik Jagran

एनएसई में लिस्टिंग से एसएमई को होगा लाभ

जासं, वाराणसी : एसएमई के उद्यमियों को शेयर बाजार से जोड़कर कारोबार की स्थिति में बदलाव हो सकेगा। अभी एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) में उत्तर प्रदेश के मात्र आठ एसएमई (स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज) ही लिस्टिंग में है। बदलते आर्थिक परिवेश में निवेश की प्रक्रिया बढ़ रही है। उद्यमियों को शेयर बाजार में अपनी कंपनी को जोड़ना होगा। साथ ही लोगों को अपनी कंपनी की विशेषताएं बतानी होंगी। इससे उद्यमियों को निवेशकों से धन मिलेगा और बिजनेस बेहतर होगा।

कार्यशाला को संबोधित करते मनोज कुमार

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की कार्यशाला में उपस्थित उद्यमी ● जागरण

यह विचार सोमवार को छावनी स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट आफिसर रवि वाराणसी ने व्यक्त किया। कहा कि नेशनल स्टाक एक्सचेंज लघु व मध्यम उद्यमियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। वाराणसी और आसपास के हथकरघा सहित अन्य उद्योग बिना कर्ज के बाजार से पूंजी जुटा पाएंगे। इसके लिए एनएसई इमर्ज पर कंपनी सूचीबद्ध होगी। अभी तक सूचीबद्ध 177 एसएमई कंपनियों ने 2750 करोड़ रुपये पूंजी बाजार से जुटाए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार व एनएसई के बीच एक जिला, एक उत्पाद के विकास के लिए भी एमओयू हुआ है। इसके लिए जल्द ही वाराणसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सेबी के चीफ जनरल मैनेजर मनोज कुमार ने उद्यमियों को शेयर बाजार के तौर-तरीके व फायदे से अवगत कराया। सार्थिक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक शर्मा ने बदलते आर्थिक परिवेश की जानकारी दी। संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह ने कहा कि कारोबार का माहौल बदला है और निवेश के बारे में भी सोचा जा रहा है।

उद्यमियों, निर्यातकों, चार्टर्ड एकाउंटेंट, कंपनी सचिव के पदाधिकारियों ने सवाल-जवाब के सत्र में एनएससी व सेबी की गतिविधियों पर चर्चा की। उद्यमी व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया गया। इसमें आरके चौधरी, अशोक गुप्ता, शिशिर उपाध्याय, विनय शुक्ल, दीपक मिश्र, अब्दुल हादी, विवेक वर्मा, कमल अग्रवाल, शेषपाल गर्ग, अमित, पवन मुख्य रूप से रहे। संचालन जयेश टावरी और आधार ज्ञापन रचाना ने किया।

Hindustan

यादव ने बताया कि पिछले कई महीने से

मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया।

छोटी कंपनियां भी शेयर बाजार से जुटा सकेंगी पूंजी

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और स्टॉक एक्सचेंज की ओर से पूर्वांचल के लघु और मझोले उद्यमियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैंटोनमेंट स्थित होटल सूर्या में आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों को वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शेयर बाजार से पूंजी जुटाने को लेकर जानकारी दी गई।

सेबी के चीफ जनरल मैनेजर मनोज कुमार ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार और एनएसई के बीच हुए समझौते के तहत लघु और मझोली कंपनियों को सहायता दी जाएगी।

संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश कुमार

मनोज कुमार, चीफ जीएम, सेबी

रूप से पूर्वांचल के उद्यमियों को पूंजी जुटाने में आसानी होगी।

कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स, इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स की स्थानीय इकाइयों के पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें अशोक गुप्ता, आरके चौधरी, राजेश भाटिया, नीरज पारीख, अवधेश गुप्ता, रवि कुमार, कुमार कार्तिकेय आदि